एक नजर

तीन साल का बच्चा ऊंचाई से गिरा

इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र के अंतर्गत कल रात घर में खेलते-खेलते एक मासूम बालक ऊंचाई से गिर गया। उसे गंभीर हालत में एम.वाय. अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द्वारकापुरी थाना प्रभारी धर्मराज नागर ने बताया कि जब वे अपने दल-बल के साथ क्षेत्र में संगठन कर रहे थे, इसी बीच ऋषि पैलेस के पास भीड़ देखी तो पता चला कि तीन साल का बच्चा आदित्य पिता दीपक ऊंचाई से गिर गया है। पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि लॉकडौन जैसी होने के कारण कोई वाहन भी वहां नहीं जा पा रहा था। बालक का फिलहाल उपचार चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

कुत्तों की नसबंदी का शुरू किया अभियान

इंदौर। तालाबंदी में कुत्तों के हमले के बाद एनजीओ ने फिर से कुत्तों की धरपकड़ शुरू कर दी है। झोनवार अभियान चलाया जाएगा। बाई मार्केट के लॉक- डाउन में कुत्ते काटने की घटनाएं सबसे ज्यादा हुई हैं। मालूम एलवाइर निकलने वालों पर कुत्ते लपक जाते थे। तालाबंदी में ढील मिलते ही सेहत अलर्ट ने एनजीओ को फिर से काम सौंप दिया है। झोनवार उन्हें पकड़ने का काम चलेगा। मालवा मिल इलाके में चलाई गई मुहिम में कल टीम के जाल में कई कुत्ते फंसे। रोजाना सतर कुत्तों को पकड़ कर उनकी नसबंदी की जा रही है। तीन दिन बाद उन्हें छोड़ दिया जाता है, जहां से पकड़ते हैं। डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि सत्र नगर में वे मुहिम चलेंगी। एक-एक झोन को पूरा करने का टारगेट दिया गया है। जहां से ज्यादा शिकायतें आ रही थीं, उसे प्राथमिकता दी जा रही है।

बाइक से आए बदमाश बुलेट चुराकर ले गए

इंदौर। लसूडिया क्षेत्र में कल दो बदमाश एक बुलेट गाड़ी चुराकर ले उड़े। बदमाशों की हरकत सीसीटीवी कैमरों से नहीं छुप सकी। वह एक बाइक से आए थे। आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाले वाजिद मंसूरी ने बताया कि मलारमी नगर में वह वेस्ट मैनेजमेंट के ऑफिस में काम करता है। कल उसने अपनी बुलेट नंबर एमपी 09 एमयूआर 2737 ऑफिस के बाहर ही खड़ी कर दी थी। रात को काम निपटाकर वह बाहर आया तो उसकी बुलेट नहीं मिली। वाजिद ने ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो दोपहर 2.30 बजे एक युवक उसकी बुलेट चोरी करता हुआ नजर आया। युवक ने पहले गाड़ी का हैंडल लॉक तोड़ा और बुलेट ले उड़ा। वहीं बदमाश कुछ देर पहले एक अन्य युवक के साथ बाइक पर आता हुआ नजर आया था। ऑफिस से चोरी हुए दोनों बदमाश खड़े रहे। शायद वह वह इंतजार कर रहे थे कि चोरी करते हुए वह पकड़े न जाएं। जैसे ही उन्हें मौका मिला एक बदमाश ने बुलेट का लॉक तोड़ा और दोनों बदमाश अलग-अलग गाड़ियों से भाग निकले। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

इंदौर। मंगलवार की शाम को आसमान पर बादल काले बादल छाए और तेज हवाएं चलने के साथ ही बारिश भी हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

परिजन लेने आएंगे तभी मिलेगी अस्पताल से छुट्टी

मरीज के भागने के बाद लिया निर्णय

इंदौर। एमटीएच अस्पताल में भर्ती मरीजों को तभी छुट्टी मिलेगी, जब परिजन लेने आएंगे और रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अधीक्षक डॉ. सुमित शुक्ला ने बताया कि फिलहाल एमटीएच में 180 मरीज हैं, जिसमें 30 ठीक हो चुके हैं और डिस्चार्ज किया जाना है। परदेशीपुरा के हीरालाल की गुमशुदगी के बाद अधीक्षक ने साफ कह दिया है कि जब तक परिजन या करीबी रिश्तेदार, मरीज को लेने नहीं आएगा, डिस्चार्ज नहीं करेंगे। कल कुछ मरीजों ने डिस्चार्ज होने के लिए अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया, पर परिजन नहीं होने के कारण छुट्टी नहीं दी गई। चार दिन पहले 27 दिन से अस्पताल में भर्ती हीरालाल, परदेशीपुरा एम्बुलेंस से भाग गया था, जिसका आज तक पता नहीं चल पाया है। इस बात पर परिजनों ने हंगामा किया था, जबकि डिस्चार्ज पेपर पर हीरालाल ने खुद हस्ताक्षर किए थे।

मानसून सीजन में बड़ा सराफा की दुकानों के सामने खुदाई शुरू

इंदौर। ऐन मानसून सीजन में बड़ा सराफा के रोड किनारे दुकानों के सामने स्मार्ट रोड बनाने के लिए मंगलवार से खुदाई शुरू हो गई। अभी दुकानें बंद हैं इसलिए काम से ज्यादा परेशानी नहीं हो रही, लेकिन भविष्य में जैसे-जैसे सराफा की दुकानें खुलने लगेंगी, दुकानदार भी परेशान होने लगेंगे। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बड़ा सराफा रोड पर ज्यादातर दुकानें हैं और रहने वाले लोग अमूमन कम ही हैं। फिर भी जल्द से जल्द काम पूरा करेंगे।

इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कंपनी ने राजवाड़ा से सराफा थाने तक के हिस्से को स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट में लिया है। इसके तहत भूमिगत यूटिलिटी के अलावा रोड चौड़ीकरण, खंभे और तार हटाना और रोड की दुकानों के बाहरी स्वरूप का विकास (फसाड डेवलपमेंट) जैसे काम शामिल हैं। पहले चरण में नालियों से फर्शी-चढ़ाव हटाकर उन्हें तोड़ा जा रहा है क्योंकि विभिन्ना लाइन मौजूदा नालियों के नीचे ही डाली जाएंगी। स्मार्ट सिटी कंपनी के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि राजवाड़ा से सराफा थाने के बीच दोनों तरफ मिलाकर 700 मीटर लंबाई में सड़क विकास होना है। इस पर लगभग छह करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कोशिश है कि महीनेभर में भूमिगत यूटिलिटी संबंधी काम हो जाएं। मौजूदा रोड नौ मीटर चौड़ा है और फिलहाल इसी चौड़ाई के हिसाब से काम हो रहा है। भविष्य में इसे 12 मीटर चौड़ा किया जाएगा इसके लिए दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर बाधाएं हटाई जाएंगी। लॉकडाउन के दौरान तेजी से काम हो सकेगा क्योंकि दुकानें भी बंद हैं और ग्राहकों की भीड़ भी नहीं है।

इधर, सराफा व्यवसायी भी काम में सहयोग कर रहे हैं और उनके साथ अधिकारियों की बैठक पहले ही हो चुकी है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि नालियां खोदने के बाद वहां बिजली केबल, पानी, ड्रेनेज और बरसाती पानी के निकास के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन डाली जाएगी। चूंकि इस रोड पर रहवासी कम हैं इसलिए खुदाई से लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

लड़ रहे दंपति, पड़ोसी ने पति को पीटा

इंदौर। मारपीट के दो मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया है। एक मामले में खाने की बात को लेकर पति-पत्नी आपस में झगड़ रहे थे तभी पड़ोसी आया और पति की पिटाई करके फरार हो गया। दूसरे मामले में देवर ने महिला और उसके पति से मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, लक्ष्मी नगर क्षेत्र में रहने वाले संभाजी पाटिल (38) को उसके पड़ोसी सूरजसिंह ठाकुर ने पीट दिया। फरियादी संभाजी ने पुलिस को बताया कि उसका खाने की बात को लेकर पत्नी से विवाद चल रहा था। दोनों पति-पत्नी घर के अंदर ही एक दूसरे से लड़ाई कर रहे थे तभी पड़ोसी सूरज ने दरवाजा खटखटाया। संभाजी ने जैसे ही दरवाजा खोला, आरोपी सूरज ने उसके साथ गाली-गलौज और हाथपाई कर दी। मारपीट के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।

दूसरे मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां एक महिला और उसके पति की देवर ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पिंकी पति कमल की शिकायत पर देवर जयप्रकाश के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह और उसका पति कमरे में सो रहे थे। तभी आरोपी जयप्रकाश आया और कमरे में झांककर चला गया। महिला के पति ने जब आरोपी से कमरे में झांकने का कारण पूछा तो वह मारपीट करने लगा। यह देख महिला भी पति को बचाने आई तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

दो भाइयों को ब्लेड मारी

इंदौर। चंदननगर थाना क्षेत्र में दो भाइयों पर नशेड़ियों ने हमला किया। दोनों जब घर लौट रहे थे तभी रास्ते में विवाद हुआ था। चंदननगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घायल भाइयों के नाम अंकित व तुषार दोनों निवासी मारूति पैलेस कालोनी है। दोनों कपड़ा मार्केट में काम करते है। कल शाम घर लौट रहे थे तभी नशेड़ी बदमाशों से विवाद हुआ, तब आरोपियों ने उन पर ब्लेड से हमला कर दिया। एक बदमाश का नाम शुभम सामने आया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

नकली नोट का मामला, आरोपी ने पूछताछ में बताए और भी नाम

इंदौर। नकली नोट कांड के मामले में मास्टर माइंड ने दो साथियों के नाम बताए हैं। वो नोट तैयार करते थे और गैंग उसे खपाने का काम करती थी।

क्राइम ब्रांच टीम ने बड़वानी के रमजान मंसूरी को पकड़ा है। नकली नोट के मामले में उस पर बीस हजार रुपए का इनाम घोषित था। गैंग के तीन सदस्य पहले ही पकड़े जा चुके थे, जिनके पास से तेईस लाख रुपए मिले थे। रमजान रिमांड पर है और उसके पास भी डेढ़ लाख रुपए के नकली नोट मिले हैं, जिसमें दो हजार, पांच सौ और दो सौ के नोट हैं। रमजान ने बताया कि वो तो नोट खपाने का काम करता था। कम कीमत में दो हजार और पांच सौ के नोट बाजार में चला देता था, लेकिन नोट तैयार करने का काम सुनील और श्रीराम करते थे। उनके पास ही नकली नोट तैयार करने के ताम-झाम थे और उनके कुछ पुराने साथियों से नोट बनाने का तरीका सीखा था। रमजान से संपर्क करने के बाद उन्होंने कहा था कि अगर पैसे वाले बनना चाहते हो तो इस धंधे में आ जाओ। उन्होंने गैंग तैयार कर नोट छापना शुरू कर दिए। सुनील और श्रीराम खाका तैयार करते थे। उनकी तलाश के लिए पुलिस ने दबिश भी दी है, लेकिन वो मिले नहीं। अफसरों का कहना है कि उनके पकड़ाने के बाद और राज खुलेंगे। जनवरी में ही खुफिया विभाग को जानकारी मिली थी कि दो हजार के नकली नोट चल रहे हैं और बड़वानी के आसपास की गैंग इसमें लगी है। इस गैंग ने कई नोट चला दिए हैं, जिसके बाद क्राइम ब्रांच और थाने वाले जांच में लगे थे, जिन्हें मार्च में कामयाबी मिली।

चेन लूट में ज्वेलर्स सहित तीन गिरफ्तार

इंदौर। चंदननगर इलाके में महिला से चेन लूट का वीडियो वायरल होने के बाद परदेशीपुरा पुलिस ने दो बदमाशों और इनसे चेन खरीदने वाले ज्वेलर्स को पकड़ा है। इनका एक साथी फरार है। गिरोह का संबंध जेल में बंद कुख्यात बदमाश आकाश बकरी से है।

पुलिस के अनुसार कुलदीप सिंह और उसके एक साथी को पकड़ा है। वह खुद को नाबालिग बता रहा है। इनका सरगना शुभम राजपूत फरार है। पुलिस ने लूट की चेन खरीदने वाले सुनार आकाश सोनी को भी आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार 8 जून को चंदननगर में प्रतिभा नेमा नाम की महिला से चेन लूट हुई थी। इसके सीसीटीवी फुटेज वायरल हुए थे। उसमें इलाके का शुभम जैसा आरोपी दिख रहा था। टीम जब उसे पकड? गई तो वह नहीं मिला, लेकिन उसके साथी मिल गए। पूछताछ में उन्होंने लूट कबूल ली। आरोपियों ने बताया कि वे लसुडि?ा क्षेत्र में शराब पीकर पीथमपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें महिला दिखी और उसके गले से चेन खींच ली।

आरोपियों ने कहा कि वे ऐशो आराम, महंगे कपड़े, और गर्लफ्रेंड पर खर्च करने और महंगे मोबाइल रखने के लिए वारदात करते थे। जो आरोपी खुद को नाबालिग बता रहा है, उस पर छह अपराध दर्ज हैं। वहीं शुभम पर भी कई केस दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों को चंदन नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

धवन का पुलिस रिमांड 5 दिन बढ़ा, डागरिया को मिली जमानत

इंदौर। पुलिसिया गिरफ्त में आए भूमाफिया जितेन्द्र उर्फ हैप्पी धवन का रिमांड 5 दिन और बढ़ गया है। वहीं श्रीराम गृह निर्माण संस्था की हेराफेरी में बॉबी छाबड़ा की भी जमानत अर्जी खारिज हो गई। वहीं फरार चल रहे अरुण डागरिया को जमानत मिली है।

पिछले दिनों पुलिस ने धवन बंधुओं को गिरफ्तार किया था, लेकिन लकी धवन को जमानत का लाभ मिल गया। वहीं हैप्पी से अभी पूछताछ जारी है। कालिंदी गोल्ड सिटी में किए घोटालों के चलते हैप्पी को कोर्ट ने 21 जून तक रिमांड पर और सौंप दिया है। इस पूछताछ में अन्य संस्थाओं के घोटाले भी सामने आएंगे। वहीं बॉबी को भी खजराना थाने में दर्ज एक मामले में जमानत देने से कोर्ट ने इनकार कर दिया। वहीं दूसरी तरफ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा फरार भू-माफिया अरुणकुमार पिता नेमीचंद डागरिया को थाना राजेन्द्र नगर में दर्ज एफआईआर क्रमांक 833/2019 में अग्रिम जमानत प्रदान की गई। प्रकरण में डागरिया पर आरोप था कि उसने गोल्डन पैलेस डेवलपर कंपनी में सुनील पाटीदार और धर्मेंद्र सोलंकी को अधिकृत भागीदार बताकर पुलक सिटी कॉलोनी स्थित 13 प्लॉट अलग-अलग साइज के दिखाकर फरियादी अंजू मित्तल और कामिनी नीमा को बेचने का सौदा 1 करोड़ 38 लाख 34 हजार में तय किया।

एयरलाइंस में नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख की ठगी

युवक से बैंक खाते में जमा करवा लिए रुपए

पुलिस कर रही मोबाइल नंबरों के आधार पर कर रही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास

इंदौर। एयरलाइंस कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से एक लाख 97 हजार रुपए की ठगी की गई। मामले में क्राइम ब्रांच की जांच के बाद चंदननगर पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, पंचमूर्ति नगर में रहने वाले अर्पित पिता राजेश पाल ने क्राइम ब्रांच को शिकायत कर बताया था कि उसके साथ दिसंबर 2019 में इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.97 लाख रुपए की ठगी की गई है। फरियादी ने बताया कि उसने एक वेबसाइट पर 5 दिसंबर 2019 को नौकरी के लिए आवेदन दिया था। 6 दिसंबर को पूजा शर्मा नामक युवती ने अर्पित को फोन कर बताया कि वह इंडिगो एयरलाइंस की कर्मचारी है और तुमने जो नौकरी के लिए आवेदन किया है वह तुम्हें मिल सकती है। एयरलाइंस में पासपोर्ट वेरीफिकेशन करने वाला पद खाली है। इसके लिए 2650 रुपए का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

फोन नहीं आया तो दोस्त को बताया

फरियादी ने युवती की बातों में आकर उसके बताए बैंक खाते में रुपए जमा करवा दिए। इसके बाद युवती का फोन फिर आया और कहा कि ड्रेस के 15 हजार और वीजा के 20 हजार रुपए और लगेंगे। फरियादी ने यह रुपए भी खाते में जमा करा दिए। 7 जनवरी को अन्य औपचारिकताओं के नाम पर 1 लाख 59 हजार रुपए और जमा करवा लिए। उसके बाद ठगों के फोन आना बंद हो गए तो अर्पित को शक हुआ। उसने इंडिगो एयरलाइंस में कार्यरत अपने एक मित्र हिमांशु जैन को बताया। तब पता चला कि उसके साथ ठगी की गई है। इस पर फरियादी ने क्राइम ब्रांच में शिकायत कर दी।

जीएसटी के पैसे काटकर वापस कर देंगे

कुछ दिनों बाद उसी नंबर से फरियादी के पास पुनः फोन आया और कहा कि तुम्हारा पुरा पैसा वापस कर दिया जाएगा, लेकिन जीएसटी के 33 हजार रुपए और देने होंगे। इस पर फरियादी ने कहा कि जो रुपए अब तक वह दे चुका है उसमें से 33 हजार रुपए काट लें और बाकी के पैसे वापस कर दें। इस पर ठगों ने कहा कि 33 हजार रुपए देने होंगे वर्ना तुम्हें एक रुपया भी नहीं मिलेगा। जहां चाहो, वहां शिकायत कर देना।

तीन माह बाद केस दर्ज किया

क्राइम ब्रांच ने नंबरों के आधार पर लगभग तीन माह जांच की और केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, इस ठगी के पीछे झारखंड के किसी बड़े गिरोह का हाथ है। इस प्रकार की ठगी पहले भी कई लोगों के साथ हो चुकी है लेकिन ठग अब तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। मामले में पुलिस मोबाइल नंबरों और लोकेशन के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

इंदौर में कुछ समय बाद खुलेंगे धर्मस्थल

सांसद शंकर लालवानी एवं प्रशासन द्वारा बुलाई बैठक में फैसला, धर्मगुरुओं से सावधानी के विषय में मांगे सुझाव

इंदौर। इंदौर में पूर्ण सावधानियों के साथ धीरे-धीरे धर्मस्थल कब एवं कैसे खोले जाए इस विषय पर सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर मनीष सिंह ने एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई जिसमें अगले कुछ दिनों तक धर्मस्थल ना खोलने पर सहमति बनी है। बैठ में तय किया गया कि 25 जून के बाद इंदौर की स्थिति का आकलन कर धर्मस्थल खोलने के विषय में बात की जाएगी। इस बैठक में एसडीएम तोमर एवं सभी धर्मों के धर्म गुरु, प्रबंधक एवं प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य सभी धर्मगुरुओं से धर्मस्थल खोलने के बारे में सुझाव लेना था। बैठक में मुख्य तौर पर धर्मस्थलों में शारीरिक दूरी कैसे रखी जाए और कोरोना के प्रसार को कैसे रोका जाए, इस पर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्येक धर्मस्थल के हिसाब से भीड़ नियंत्रित करने एवं शारीरिक दूरी बनाए रखने की व्यवस्था सम्बंधित व्यक्तियों से मांगी गई।

सांसद लालवानी ने कहा कि इंदौर बहुत बुरी परिस्थितियों से निकल कर आया है, ऐसे में धर्मस्थलों को बेहद कड़ी शर्तों एवं व्यवस्थाओं के साथ ही इजाजत दी जाएगी। बैठक में तय संख्या में ही लोगों को प्रवेश देने, सैनेटाइजेशन करने जैसे कई सुझाव आए। साथ ही धर्मस्थलों में लोगों के बीच दो मीटर की दूरी बनाए रखने की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में एक प्रमुख मुद्दा धर्मस्थलों के सैनेटाइजेशन का आया जिसमें सांसद ने कहा कि अल्कोहलमुक्त सैनेटाइजेशन के लिए सांसद कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं और ये सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

अभी नही खुलेंगे धर्मस्थल

धर्मस्थल खोलने को लेकर धर्मगुरुओं के साथ प्रशासन की हुई महत्वपूर्ण बेठक में हुआ निर्णय । धर्मगुरुओ के सुझाव लेने के लिए बुलाई गई थी बैठक, बहुमत फिलहाल धर्मस्थल खोलने के पक्ष में नही , सभी धर्मगुरुओ ने धार्मिक आश्रम व संस्थाओं ने प्रशासन पर जनहित में निर्णय लेने के फैसला छोड़ा । सम्भवतः अगले सप्ताह फिर बेठक कर शहर के हालात के मुताबिक लेंगे निर्णय।

चीन के हमले का विरोध, कांग्रेस ने जलाया झण्डा

इंदौर। चीन द्वारा एलएसी पर हमले का देशभर में विरोध शुरू हो गया है। शहर के यूनिवर्सिटी मार्ग पर कांग्रेस कार्यकताओं ने चीवन के झंडे को जलाकर विरोध जताया। दरअसल चीन ने लद्दाख के गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन भारतीय सैनिक शहीद हो गए।

Sieben सूचना Sieben

साइबेन एग्रो (इं) प्रा. लि. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली से जारी अध्यादेश S.O. 2900 (E), दिनांक 24.10.2015 के अनुसार निम्नलिखित 100% घुलनशील खाद भारत में आयात कर, उसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और भारत के अन्य राज्यों में वितरित तथा विक्रय करने के लिए उत्सुक है। उक्त खाद के प्रकार N:P:K-19:19:19, इन खादों की गुणवत्ता फर्टिलाइजर्स कंट्रोल ऑर्डर 1985 नोटिफिकेशन नंबर S.O. 4120 (E), दिनांक 30.12.2017 के अनुसार रहेगी।

साइबेन एग्रो (इं) प्रा.लि.
रजिस्टर्ड ऑफिस: 159, कंचन बाग, इन्दौर-452 001
E-mail: siebenindia@gmail.com

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd.Office: Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG5274B1Z2

NOTICE

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on Monday, 29th June, 2020 to consider, inter alia, the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended on 31st March, 2020. A copy of the said notice and Audited financial results shall also be available on Company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
(Holding DIN: 00055540)
(Whole-Time Director)

Place: Indore
Date: 15/06/2020

Mid India Industries Limited
Corporate Office : 405, Princess Centre, 6/3, New Palasia, Indore-1
Phone : 0731-2433231, 2543402, Fax: 0731-2530916
Registered Office: Textile Mill Area, Station Road, Mandsaur-1 (M.P.)
Ph.: 07422-234999, Fax: 07422-234374 e-mail: csmidindia@gmail.com
website: www.midindiaindustries.com CIN: L17124MP1991PLC006324

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to the Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Monday, 29th June, 2020** to consider and approve the Audited Financial Result for the Quarter and Year Ended on 31st March, 2020 & Audited Report thereon along with other routine businesses.

This intimation is also available on the website of the company **www.midindiaindustries.com** and also on the website of Stock Exchange at **www.bseindia.com.**

For Mid India Industries Limited
Sd/-
Shailendra Agrawal
Company Secretary
(ACS-25819)

Date : 16.06.2020
Place : Indore